अभ्यास के लिए कुछ अनुच्छेद

1. मेहनत से ही सफलता मिलती है।

जो कठोर परिश्रम करते हैं वही जीवन में सफल होते हैं। बिना प्रयत्न के कुछ भी हासिल नहीं किया जा सकता। नेपोलियन ने एक बार कहा था, "ईश्वर हमेशा बहादुर लोगों के साथ होता है।" यह सर्वथा सत्य है कि ईश्वर हमेशा कठोर परिश्रम करने वाले लोगों की ही मदद करता है। सफलता प्राप्त करने के लिए कोई राजपथ अथवा छोटा रास्ता नहीं है। कोई भी विद्यार्थी जब तक मेहनत नहीं करता, अच्छे अंक प्राप्त नहीं कर सकता। एक किसान कड़ी मेहनत के बाद ही खेत से अच्छी फसल प्राप्त कर सकता है। वैज्ञानिक अनेक वर्षों के कठोर परिश्रम के बाद ही किसी वस्तु का आविष्कार कर पाते हैं। इसलिए हमेशा याद रखें कि बिना मेहनत के सफलता नहीं मिलती।